भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2763
दिनांक 10 मार्च, 2026 / 19 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या

2763. श्री राजकुमार रोत:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों (एसटी) की कुल जनसंख्या कितनी है और इन उप-जनजातियों की जनसंख्या के संबंध में उप-जनजाति-वार सांख्यिकीय आंकड़े क्या हैं;

(ख) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश भर में जनजातीय समुदायों की गणना कौन-कौन से विभिन्न धर्मों के अंतर्गत की गई थी और देश में जनजातीय जनसंख्या के संबंध में राज्य-वार और धर्म-वार आंकड़े क्या हैं;

(ग) क्या पिछली जनगणना में 'जनजातीय धर्म' के लिए अलग कॉलम की कमी के कारण जनजातियों की अलग धार्मिक पहचान सुनिश्चित करने में बाधा उत्पन्न हुई थी;

(घ) यदि हां, तो क्या इसे ध्यान में रखते हुए सरकार का आगामी प्रस्तावित जनगणना में 'जनजातीय धर्म' के लिए एक अलग कॉलम जोड़ने का प्रस्ताव है;

(ङ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) जनजातियों की धार्मिक पहचान स्थापित करने के लिए 'जनजातीय धर्म' हेतु एक अलग कॉलम के अनुरोध के संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2763 दिनांक 10.03.2026

(क): वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों (STs) की कुल जनसंख्या 10,45,45,716 है। जनगणना में अनुसूचित जनजाति-वार आंकड़े प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश की अधिसूचित अनुसूचित जनजातियों की सूची के अनुसार एकत्रित किए जाते हैं। जनगणना में, उप-जनजाति-वार (Sub-tribe-wise) आंकड़े अलग से प्रकाशित नहीं किए जाते हैं।

(ख): धार्मिक समुदाय के अनुसार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या (जनगणना 2011) के आंकड़ें राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और जिला स्तर पर प्रकाशित किए गए हैं जो तालिका "ST-14: Scheduled tribe population by religious community (State/UT/District level)" में उपलब्ध हैं। अन्य धर्म और धारणाएं के अंतर्गत दर्शाए गए प्रत्येक जनजाति के विवरण राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के स्तर पर भी प्रकाशित किए गए हैं जो तालिका "ST-14 A: Details of religions shown under other religions and persuasions in main table (for each tribe separately) (States/UT level)" में उपलब्ध हैं। ये तालिकाएं www.censusindia.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

(ग),(घ),(ङ)एवं(च): जनगणना में, उत्तरदाताओं द्वारा बताए गए सभी धर्मों/संप्रदायों/विश्वासों को प्रगणकों द्वारा यथावत दर्ज किया जाता है। जनगणना 2027 में भी प्रगणक उत्तरदाता द्वारा बताए गए धर्म को यथावत दर्ज करेंगे। इस विषय में विभिन्न संस्थाओं से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

*****